Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct airport and start air services from Dhanbad in Jharkhand Civil Aviation, Airports.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): महोदय, मैं आपका विशेष रूप से आभारी हूँ कि आपने मुझे मेरे क्षेत्र के लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है ।

मैं धनबाद से आता हूँ । धनबाद को देश में कोयले की राजधानी कहा जाता है । वहाँ कई केन्द्रीय प्रतिष्ठान हैं । वहाँ इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, आईआईटी, (सीएमआरआई) सेन्ट्रल माइनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट है । वहाँ इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज भी है । वहाँ ऐसे कई प्रतिष्ठान हैं । कोलकाता और रांची के बाद धनबाद सबसे महत्वपूर्ण जगह व्यापार के लिए भी है । ऐसे स्थल पर हवाई अड्डा नहीं रहने के कारण बहुत परेशानी होती है । यहाँ सरकारी अधिकारी, कर्मचारी हैं, डीवीसी के लोग हैं, फर्टिलाइजर का मुख्यालय सिंदरी में रहने के कारण, यहाँ सभी लोगों को बहुत असुविधा होती है ।

महोदय, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि वहाँ पर हवाई अड्डा बनाया जाए और हवाई सेवा शुरू की जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : मैं प्रयास करूँगा कि शून्यकाल में सभी माननीय सदस्यों को उनके द्वारा दिये गए विषय को बोलने का मौका दूँ । इसमें मेरे आपसे दो आग्रह हैं । पहला आग्रह यह है कि शून्यकाल में आप जिस विषय पर बोलना चाहते हैं, उस विषय की पूरी डिटेल आप लिखें, ताकि उससे यह पता चल सके कि वह विषय कितना गंभीर है । उस विषय की गंभीरता को देखते हुए उसे उठाने की इजाजत आपको दी जाएगी ।

मेरा दूसरा आग्रह यह है कि सभी माननीय सदस्य बोल सकें, इसलिए एक-एक मिनट में अपने विषय को पूरा करें । सभी माननीय सदस्य इसकी कोशिश करें और संक्षिप्त में अपनी बात को सदन के माध्यम से कहें ।